हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

11 लोक कलाकारों ने किया सुंदर प्रस्तुतियों से सबको मंत्र मुग्ध



11 संडील के जलघर से कटे वृक्ष उठा ले गए लोग



## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 11 को

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 11 दिसंबर को बाद दोपहर तीन बजे डीआरडीए के सभागार होगा। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं हरियाणा के शिक्षा एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा करेंगे।

### भागल क्षेत्र से नशा तस्कर दबोचा

**कैथल।** थाना चीका पुलिस ने भागल क्षेत्र से नशा तस्कर को काबू कर लिया जिसके कब्जे से 31 ग्राम चरस तथा 37.43 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना चीका पुलिस के एस आई अनिल कुमार की टीम गश्त दौरान भुसला रोड़ भागल पर मौजूद थी। सहयोगी सूत्रों से पुलिस को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को होगा

**जींद।** सीजेएम मोनिका ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न श्रेणियों के मामलों के सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित निपटारे के उद्देश्य से विशेष बेंचों का गठन किया गया है। उन्होंने सभी पक्षकारों से अपील की है कि वे अपने मामलों के निपटारे के लिए इस राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिकतम लाभ उठाएं।

### बीस लाख हड़पने की आरोपित महिला काबू

**जींद।** धोखाधड़ी कर मकान पर बीस लाख रुपये लोन लेकर हडपने की आरोपित महिला को सिविल लाइन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गांव खेडी मसानिया निवासी रामफल ने 22 अप्रैल 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने हाउसिंग बोर्ड निवासी सुभाष तथा उसकी पत्नी सोमवती से बीस लाख रुपये में उसका मकान खरीदा था।

### तीन पिस्तौल-चार जिंदा कारतूस सहित एक काबू

**जींद।** सीआईए ने होशियारपुरा के निकट युवक को काबू कर उसके कब्जे से तीन पिस्तौल तथा चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ कर्मी गांव होशियार पुरा की तरफ गश्त कर रहे थे। उसी दौरान युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया।

### महाप्रबंधक के खिलाफ रोष प्रदर्शन आज

**जींद।** ज्वायंट एक्शन कमेटी की बैठक डिपो प्रधान अनिल गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। रोडवेज महाप्रबंधक की कार्यशैली को लेकर रोष जताया और सोमवार को बस अड्डा पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। कहा कि पहले रोहतक डिपो में कार्यरत होते हुए भी जीएम पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे और उसके बाद सोनीपत डिपो में भी इनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे।

### गांव पिंडारा में मारपीट करने पर दो नामजद

**जींद।** गांव पिंडारा पंचायत भवन में व्यक्ति के साथ मारपीट करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पिंडारा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

### खेत से कल्टीवेटर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सदर कैथल क्षेत्र में खेत से चोरी हुए कल्टीवेटर मामले में एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ ने त्वरित कार्रवाई करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव मानस निवासी सुभाष की शिकायत अनुसार 1 और 2 दिसंबर की रात उसके खेत से ट्रैक्टर का कल्टीवेटर अज्ञात चोर चुरा ले गए।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आरकेएसडी कॉलेज में कार्यक्रम को किया संबोधित

# युवाओं को जल्द दी जाएंगी बड़ी संख्या में नौकरियां: सीएम

**स्वदेशी मेलों से किया जा रहा स्वदेशी उत्पादकों को मजबूत**

**आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत स्वदेशी रथयात्रा को दिखाई झंडी**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में जल्द ही विभिन्न विभागों में भर्तियां की जाएंगी। जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके लिए सरकार द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी वाली भाजपा सरकार आमजन के हितों की सच्ची रक्षक है। इसी के तहत बिना किसी भेदभाव के मेरिट आधार पर नौकरी दी जाती है और हमारे लिए यह गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी लोकसभा में इस बात का जिक्र किया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कैथल के आरकेएसडी कॉलेज में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में डबल इंजन सरकार उनके आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी का आह्वान है कि यदि देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है, उसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से होकर जाएगा। इसलिए सभी से अनुरोध है कि भारत निर्मित वस्तुएं ही बेचे और खरीदें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता की यह पहचान है कि वह युवाओं सहित प्रदेश के लोगों के हितों की रक्षा करते हैं। हरियाणा में मेरिट के आधार पर नौकरी दी जाती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने चुनाव से पूर्व 217 संकल्प लिए थे। जिनमें से बड़ी खुशी की बात है कि 50 संकल्प पूरे कर दिए हैं। जल्द ही 90 संकल्प ओर पूरे कर दिए जाएंगे। सरकार बनते ही हरियाणा में बहनों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया गया। साथ ही बहनों को 2100 रुपये की पेंशन के रूप में देकर लाडो लक्ष्मी योजना के वायदे को पूरा किया गया। योजना के तहत दस लाख बहनों को दो किस्त दी जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पात्र गरीब लोगों को प्लाट दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही सोनीपत में 550 लोगों को आज ही फ्लैट देने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कैथल के आरकेएसडी कॉलेज से आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत स्वदेशी रथयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी, पुंडरी विधायक सतपाल जांबा, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कैथल पहुंचने पर डीसी अपराजिता, विधायक सतपाल जांबा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, पूर्व विधायक लीला राम, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, नगर परिषद चेयर पर्सन सुरभि गर्ग, हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत, सहित अन्य नेताओं ने स्वागत किया।

**तालमेल बनाकर काम करें**

मुख्यमंत्री ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि बारिश में जो सड़क टूट गई हैं, उन्हें ठीक किया जा रहा है। इस साल के अंत तक सभी ऐसी टूटी हुई सड़कें ठीक करवा दी जाएंगी। इसके लिए छह विभागों के बीच तालमेल बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

**विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आज पूरे देश में आमजन के हित में सरकार इस तरह से काम कर रही है कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। इसलिए विपक्ष झूठ फैलाने का काम करते हैं। भाजपा कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुंचाएं और झूठ का पर्दाफाश करें। कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि सभी कार्यकर्ता मन की बात सुनें और गांव के बुजुर्ग को उसमें अध्यक्ष बनाकर उनका मान-सम्मान करें।

**स्वदेशी को अपनाएं**

सरकार द्वारा स्वदेशी मेले लगाए जा रहे हैं। पंचकूला और फरीदाबाद में ऐसे मेलों का आयोजन किया जा चुका है। कहा कि आत्मनिर्भर भारत को एक जन आंदोलन बनाएं। हम सब मिलकर संकल्प लें कि अपने पारिवारिक जीवन में स्वदेशी को अपनाएं।



**कैथल।** सीएम नायब सिंह सैनी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते।

## झूठा मुद्दा बनाने की कोशिश में लगा है विपक्ष: नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली की उपस्थिति में भाजपा की बड़ी बैठक में आगामी कार्यक्रमों का खाका खींचा। सीएम ने एसआईआर के तहत वोटर लिस्ट को दुरूस्त करने के कार्य पर जोर देते कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष केवल भ्रम फैला रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं छोड़ा है, इसलिए विपक्ष के लोग झूठा राग अलाप रहे हैं। जबकि प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने आत्मनिर्भर भारत और संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर आगामी दिनों में होने वाली गतिविधियों की जानकारी बैठक में रखी। संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने बूथ मजबूती पर जोर दिया तो प्रदेश महामंत्री सूरेंद्र पूनिया ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प यात्रा के दौरान होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा सबके सामने रखी। जबकि कृष्ण बेदी ने पीएम मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम को हर बूथ पर ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ सुनना सुनिश्चित करने को कहा। प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने एसआईआर में सहयोग के लिए बीएलए-2 की सभी बूथों पर नियुक्ति पर बल दिया।



**सीवन।** चल रहे अभियान में भाग लेते कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

**राष्ट्रहित के कार्यों को लोगों तक पहुंचाने का संकल्प**

**सीवन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे घर-घर चलो अभियान के तहत सीवन नगर में अभियान को और व्यापक रूप दिया। आज का अभियान कैथल पटियाला मुक्य मार्ग पर स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठान व डीएवी कॉलोनी में चलाया, जिसमें संघ के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर नागरिकों को राष्ट्रभाव, संघ की विचारधारा तथा समाज निर्माण में व्यक्तिगत भूमिका के बारे में अवगत कराया। संयुक्त बयान में वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक गोयल, मार्केट कमेटी सीवन के वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल, वरिष्ठ कार्यकर्ता अधिवक्ता रमेश राणा ने बताया कि यह शताब्दी वर्ष सिर्फ उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि संघ द्वारा 100 वर्षों में किए गए राष्ट्रहित कार्यों को समाज तक पहुंचाने का संकल्प है। अभियान में अनिल गर्ग, विक्की ग्रोवर, मुकेश मुंजाल लक्की, ओम प्रकाश मुटरेजा, नरेश सिंगला अन्य कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

## सरकारी डॉक्टर आज से दो दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद





अगर आज आप सरकारी अस्पतालों में उपचार के लिए आ रहे हैं तो मत आइए। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन द्वारा सोमवार से दो दिन की हडताल का आह्वान किया है। ऐसे में सोमवार और मंगलवार को अस्पतालों में उपचार के लिए परेशानी उठानी पड़ सकती है। हालांकि स्वास्थ्य प्रबंधन ने हडताल को देखते हुए अपनी रणनीति बना ली है ताकि मरीजों को परेशानी नहीं हो। नागरिक अस्पताल में इमरजेंसी से लेकर पोस्टमार्टम तक की सेवाएं एनएचएम, आरबीएसके, डेंटल सर्जन, रिटायरमेंट के बाद अनुबंध आधार पर लगे चिकित्सक संभालेंगे। सिविल सर्जन ने मेडिकल कालेज खानपुर को भी पत्र लिख कर चिकित्सक उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया है। सिविल सर्जन ने डीसी से बातचीत करके निजी चिकित्सकों से भी जरूरत पडऩे पर जनहित में सेवाएं देने का आग्रह किया है। अपनी मांगों को लेकर हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन ने सोमवार व मंगलवार को अपनी पूर्ण हड़ताल की घोषणा की है। इसके अलावा बुधवार तक उनकी मांगें पूरी नहीं की गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। एसोसिएशन के जिला प्रधान एवं प्रदेश संयोजक डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि एसएमओ भर्ती में सुधार और एसीपी को लेकर उनकी मांगें हैं। जो काफी समय से सरकार पूरी नहीं कर रही है। सरकार ने यह मांग स्वीकार भी कर ली थी लेकिन आज तक लागू नहीं की हैं। ऐसे में चिकित्सकों को यह कदम उठाना पड़ा है। डा० ढांडा ने कहा कि लोग शांतिपूर्वक हड़ताल करेंगे। उनकी यूनियन का कोई भी चिकित्सक काम नहीं करेगा। दूसरे कोई भी चिकित्सक काम करेंगे तो वह एतराज भी नहीं करेंगे। जिस दिन सरकार उनकी मांग पूरी कर देगी, वह हड़ताल खत्म कर देंगे। उनका प्रयास है कि सरकार उनकी मांग पूरी करे और चिकित्सक तुरंत काम पर लौट आएं।

**ड्यूटी लगाई : सीएमओ**

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि हडताल को देखते हुए जरूरत पडने पर उनको भी जनहित में सेवाएं देने के लिए बुलाया जा सकता है। मेडिकल कालेज खानुपर को पत्र लिखकर चिकित्सक मांगें गए हैं। चिकित्सकों की हड़ताल को देखते हुए व्यवस्था कर दी गई हैं। ओपीडी, इमरजेंसी व पोस्टर्माटम के लिए चिकित्सकों की ड्यूटी लगा दी गई है। निजी चिकित्सकों से भी बातचीत की गई है।

**नए चिकित्सकों को ओपीडी दी**

चिकित्सकों की हड़ताल को देखते स्वास्थ्य विभाग ने खासकर इमरजेंसी व पोस्टमार्टम पर ज्यादा ध्यान दिया है। जो चिकित्सक अस्पताल से रिटायर हो चुके हैं और अब अनुबंध आधार पर कार्य कर रहे हैं। उनकी ड्यूटी इमरजेंसी व पोस्टमार्टम के लिए लगाई गई हैं। नए चिकित्सकों को ओपीडी दी है। एनएचएम, आरबीएसके, आयुष विभागए डेंटल सर्जन को ओपीडी में नियुक्त किया गया है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**सोलू माजरा में कार चालक ने बाइक को मारी टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल में ढांड क्षेत्र के गांव सोलू माजरा में एक सड़क दुर्घटना में एक 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। दोनों बाइक पर सवार होकर गांव क्योड़क से अपने किसी निजी कार्य से ढांड जा रहे थे। जैसे ही वे गांव सोलू माजरा में सत्संग भवन के पास पहुंचे तो एक कार ड्राइवर ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर जा गिरे और मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने तुरंत दोनों को एक तरफ किया और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को कैथल नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर एक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है। मृतक युवक की पहचान गांव क्योड़क निवासी 30 वर्षीय पंकज के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक उसी के गांव का रहने वाला सतेंद्र है।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस**

ढांड थाना के जांच अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें से पंकज को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि सतेंद्र का इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पेयजल समस्या को लेकर लगाया जाम

**शहर थाना प्रभारी ने समझा बुझा कर खुलवाया जाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अपराही मोहल्ले के लोगों ने रविवार को पेयजल की समस्या से खफा होकर शहर के पटियाला चौक से बस अड्डा महत्वपूर्ण रोड पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि उनके इलाके में पांच दिनों से पेयजल स्पलाई नही हो रही है। जाम लगने की सूचना पाकर शहर थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और पेयजल स्पलाई का आश्वासन दे जाम को खुलवाया। अपराही मोहल्ला तथा आसपास इलाके के लोगों का रविवार सुबह उस समय धैर्य जवाब दे गया जब पांचवें दिन भी इलाके में पेयजल की सप्लाई नही हुई। गुस्साए लोग बत्तख चौक के पास पटियाला चौक से बस अड्डा महत्वपूर्ण रोड पर आ गए और पाइप डाल कर जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि उनके इलाके में पानी की समस्या तो काफी दिनों से बनी हुई है लेकिन पांच दिनों से तो बिल्कुल पेयजल स्पलाई नही हो रही है। आसपास नलकूप तथा अन्य पानी का कोई संसाधन नही है। कपड़े धोना की बात तो दूर पीने के पानी की घूंट भी नही है। शौचालय के हालात कैसे होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।



**जींद।** जाम लगाए हुए कालोनीवासी । *फोटो :हरिभूमि*

**जली मोटर बन रही समस्या**

जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मियों तथा अधिकारियों से बातचीत की जाती है तो बोलते हैं कि बिजली मोटर जली है। ठीक होने में समय लगेगा। पूर्व में भी बिजली मोटर कई बार जल चुकी है। जबकि पेयजल स्पलाई बहाली रखने के लिए कोई ऑप्शन विभाग ने नही रखा है। जाम लगने की सूचना पाकर शहर थाना प्रभारी पूर्णदास मौके पर पहुंच गए और लोगों की समस्या को सुना। जिसके बाद उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क साधा और पेयजल समस्या से अवगत करवा कर समस्या का समाधान करवाने को कहा। शहर थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद लोग जाम खोलने को राजी हो गए। शहर थाना प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि पेयजल की समस्या थी। सूचना मिलने के साथ वे मौके पर पहुंच गए थे। लोगों को समझा बुझा कर समस्या के समाधान का आश्वासन देकर उन्हें शांत कर दिया गया।

**देशभक्ति** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन ने किया शत-शत नमन

**शहीद स्मारक पार्क प्रांगण में हर वर्ष की तरह से विजय दिवस मनाया जाएगा**

## भारत-पाक युद्ध 1971 में कैथल के 14 अमर वीरों ने दिया था बलिदान : जगजीत फौजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल





**कैथल।** भारत-पाक युद्ध 1971 में बलिदान देने वाले कैथल के जवान।

वतन पर मोहब्बत वो इस कदर निभा गए, मोहब्बत में ही देश पर सब कुछ लुटा गए। वहीं हमारे देश की शान है देश का बच्चा, जवान,बूढ़ा, स्त्री पुरुष सभी इस दिसंबर मास में हमारे उन अमर वीर सर्वोच्च बलिदानो को उनके बलिदान दिवस पर उनके गांव में श्रद्धांजलि दे रहे हैं। जिन्होंने मातृभूमि की गोद में सदा के लिए गहरी निंद्रा में जाकर, हमें अपना आज दिया है। उनको पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल शत-शत नमन करती है। इस कड़ी में जिला कैथल के 14अमर वीर योद्धाओं ने भी अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इनमें हवलदार धर्म सिंह सालिमपुर मदूद,हवलदार अवतार सिंह शादीपुर, हवलदार मानसिंह जाडोला, सिपाही प्रेम सिंह कौल ,सिपाही क्लर्क मनजीत सिंह स्हू माजरा ,सिपाही संपूर्ण सिंह जाखौली ,सिपाही नरसिंह क्योडक, नायक नरेंद्र सिंह भूना प्लांट,हवलदार भरत सिंह छौत,सिपाही गिरधारी लाल सीवान, सूबेदार सरदारा राम काकौत,लेफ्टिनेंट चरण सिंह नंद सिंह वाला, सिपाही त्रिलोक सिंह रामथली सिपाही गुरदीप सिंह आंगोध शामिल हैं, इनकी कुर्बानी को बुलाया नहीं जा सकता है।

**शस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं दी**

एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने शस्त्र सेना झंडा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए ये भी बताया कि इन्होंने देश को विजयश्री दिलाई थी उस के उपलक्ष में हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल प्रांगण में हर वर्ष की तरह से विजय दिवस मनाया जाएगा। देश के वीर सपूत अमर बलिदानों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। नगर परिषद कैथल चेयरपर्सन से भेंट करके विजय दिवस पर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के कॉन्फ्रेंस हॉल का भी शिलान्यास किया जाएगा।



**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए पटवारी। *फोटो :हरिभूमि*

**छह पटवारियों को सस्पेंड करने पर जताया रोष**

**जींद।** जिला पटवार भवन में रविवार को द रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के आह्वान पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान जयवीर चहल ने की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा गलत तरीके से प्रदेश के छह पटवारियों को सस्पेंड कर दिया गया। इस कारण पटवारी व कानूनगो में प्रदेश सरकार के प्रति रोष है। बैठक में विचार विमर्श करके सरकार द्वारा किए इस अनुचित कार्य के विरोध के आठ दिसंबर को सभी जिले में डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। राज्य प्रधान ने कहा कि पूरे राज्य में क्षतिपूर्ति पोर्टल पर लगभग 31 लाख एकड़ खराबा का रजिस्ट्रेशन किया गया था। जिसकी वेरिफिकेशन लगभग 700-800 पटवारियों ने सरकार के दबाव में आकर सिर्फ 20 दिन में की। पटवारी द्वारा की गई वेरिफिकेशन की पड़ताल कानूनगो, तहसीलदार, जिल राजस्व अधिकारी, डीसी और कमिश्नर द्वारा भी की गई लेकिन इस मामले में अनुचित तरीके से पटवारी को दोषी ठहरा जा रहा है। फोटो के साथ इतने बड़े रकबे की वेरिफिकेशन संभव ही नही थी। यह बात एसोसिएशन ने पहले भी उच्च अधिकारियों को बताई थी।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style

# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।



हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।



# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आजाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।



# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता :** रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यू फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुईं थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



## खबर संक्षेप

### छह जनवरी तक चलेगा अभियान : सीजेएम

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों व आम जन को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### छात्रों को सर्दी से बचने के लिए वितरित किए जूते

**उचाना।** भक्ति जागरण कलाकार साहिल शर्मा ने मंगलपुर के राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को जूते वितरित किए। शर्मा ने बताया कि भक्ति जागरण में मिलनी वाली राशि से निरंतर जनसेवा के कार्य किए जाते है। स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को सर्दी का मौसम देखते हुए जूते वितरित किए गए। निरंतर आने वाले दिनों में जूते सहित अन्य सर्दी से बचने के लिए जर्सियां जुराब वितरित की जाएगी।

### फर्जी पासपोर्ट बनवाने में सहयोग करने वाला काबू

**जींद।** अपराधिक मामलों में वांछित व्यक्ति द्वारा फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने के सहयोगी को अलेवा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। स्पैशल टास्क फोर्स के अनुसंधान अधिकारी ने गत 28 मई को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव नगूरां निवासी राकेश उर्फ मिढा के खिलाफ हत्या समेत कई अपराधिक मामले दर्ज हैं।

### पंडित जगदीश चंद्र वत्स साहित्य संगोष्ठी आज

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में कवि शिरोमणि पंडित जगदीश चंद्र वत्स साहित्य संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को सीआरएसयू में किया जाएगा। कार्यक्रम हरियाणा की सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर को समर्पित होगा। कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद के अतिरिक्त महानिदेशक गजेन्द्र फोगाट, पद्मश्री अलंकृत महावीर गुड्डू, लोकगायक विकास के साथ-साथ शिक्षाजगत से जुड़े प्रबुद्ध जन भाग लेंगे।

### न्यूड वीडियो ब्लैकमेल मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** न्यूड वीडियो कॉल के जरिए ब्लैकमेल करके लाखों रुपये ऐंठने के मामले में थाना साइबर क्राइम टीम द्वारा 2 आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-18 निवासी एक व्यक्ति कि शिकायत अनुसार 6 जुलाई की रात उनके फेसबुक पर 'पिंकी शर्मा' नाम की लड़की की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। उन्हें लगा कि कोई जानकार है, इसलिए उन्होंने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली।

### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** विद्या भारती हरियाणा द्वारा संचालित गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में संगठन के निर्देशानुसार विद्यालय की मातृशक्ति द्वारा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया प्रधानाचार्य अजय के कुशल नेतृत्व में शिशु विभाग व प्राथमिक विभाग की आचार्या बहनों ने अभिभावकों में मातृशक्ति जागरण के लिए सप्तशक्ति संगम की पूर्व योजनाओं को जीवंत रूप देने के लिए प्रबंध समिति की सदस्या नीरु गुप्ता उपस्थित रहे।

### आधारशिला कौशल मेले में बच्चों ने दिखाया हुनर

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चों के कौशल विकास हेतु कौशल मेलेका आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शोभा देखते ही बनती थी। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, वजीर गांगोली, प्रोफेसर संजय कुमार, प्रोफेसर रमेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डा. विजेन्द्र ढ़ांडा आदि उपस्थित रहे।

### देवी मंदिर फतेहपुर में हवन का किया आयोजन

**पूंडरी।** डीएवी संस्था के दूरदर्शी अध्यक्ष पदमश्री डॉक्टर पूनम सूरी के मार्गदर्शन में और आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री योगी सूरी के गतिशील नेतृत्व में /"नो नशा नेशन कैंपेन/" के तहत आज देवी मंदिर फतेहपुर में 100 कुंडीय यज्ञ का आयोजन डीएवी पब्लिक स्कूल पुंडरी द्वारा किया गया।

## एनआईआईएलएम विवि में कबड्डी अकादमी की शुरुआत

# लोक कलाकारों ने किया सुंदर प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध

### अर्जुन अवॉर्डी अशोक ध्यानचंद बने विवि के ब्रांड एंबेसडर

**विवि के छात्रों को खेल के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एन आई आई एल एम विवि में खेल विकास को नई दिशा देते कबड्डी अकादमी की शुरुआत की गई। पदमश्री एवं अर्जुन अवॉर्डी, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद, अर्जुन अवॉर्डी तीर्थ और अर्जुन अवॉर्डी, कबड्डी स्टार संदीप नरवाल की मौजूदगी में अकादमी की जर्सी का विमोचन किया गया, जिसके साथ ही कबड्डी अकादमी का औपचारिक शुभारम्भ हुआ। यह पहल युवा खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएँ और प्रोफेशनल स्पोर्ट्स करियर की ओर बढ़ने का मजबूत मंच प्रदान करेगी। एनआइआइएलएम विश्वविद्यालय में खेल उत्कृष्टता को नई पहचान देते अर्जुन अवॉर्डी एवं पदमश्री ,अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद को विश्वविद्यालय का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। इस एमओयू पर अशोक ध्यानचंद ने स्वयं हस्ताक्षर किए, जबकि विश्वविद्यालय की ओर से चेयरमैन संदीप चहल, वाइस चांसलर डॉ. शमीम अहद और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव दहिया ने दस्तावेज़ पर साइन किए। यह साझेदारी विश्वविद्यालय में खिलाड़ी खोज, प्रशिक्षण और स्पोर्ट्स डेवलपमेंट को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।


**कैथल।** पदमश्री एवं अर्जुन अवॉर्डी अशोक ध्यानचंद व संदीप नरवाल एनआइआइएलएम में दीप प्रज्ज्वलित करते। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर 19 स्पोर्ट्स फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और सभी का विश्वविद्यालय के साथ एम ओ यू साइन हुआ जिसके कारण विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को खेल के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान होंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ संदीप चहल, कार्यक्रम संयोजक विश्वविद्यालय एडमिनिस्ट्रेशन इंचार्ज डॉ. देवेन्द्र सिंह दुल विश्वविद्यालय डीन एकेडमिक्स डॉ आर के गुप्ता, डीन कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉ रेखा गुप्ता डायरेक्टर युवा एवं सांस्कृतिक विभाग डॉ एकता चहल,दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ मनोज कुमार , असिस्टेंट रजिस्टार सरबजीत सिंह आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर नीता कौशिक एवं श्वेता संधू ने किया।

**माहौल को सुरमय बनाया**

कार्यक्रम में शामिल हुए जाने-माने कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से माहौल को सुरमय बना दिया। राकेश जीवनपुरिया ने "मैं भारत बोल रहा हूँ" गीत के माध्यम से आदिकाल से लेकर वर्तमान तक भारत की गौरवशाली यात्रा का प्रभावशाली चित्रण किया और सामाजिक मुद्दों पर चिंतन की नसीहत भी दी। इसके बाद अमित धुल ने अपने गीत "हरियाणे सै तू, हरियाणवी नाम से मेरा" और "राम के थे, राम के हैं, राम के रहेंगे" जैसी भक्ति प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं, एमके मकराना और अरविंद जांगिड़ ने अपनी शानदार गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। विश्वविद्यालय कल्चरल इंचार्ज शिवम अशोक सिंहान के नेतृत्व में विश्वविद्यालय कल्चरल टीम ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सभी संकाय के डीन ,फैकल्टी सदस्य एवं छात्र-छात्राएं की शानदार उपस्थिति रही।

# 'नो नशा नेशन' अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

'नशा मुक्त राष्ट्र' का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से डीएवी संस्था के प्रधान आर्यरत्न पूनम सूरी एवं आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी जी के तत्वावधान में ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ के मार्ग निर्देशन में विद्यार्थियों तथा शिक्षक वर्ग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय जिला सैनी भवन में किया गया। इसके अंतर्गत 100 कुंडीय हवन , नुक्कड़ नाटक, भजन, जागरूकता रैली आदि शामिल थे। नशा मुक्ति अभियान के इंचार्ज डीएसपी कुलदीप बेनीवाल की ओर से सुनील संधु जीत था।


**कैथल।** 100 कुंडीय यज्ञ में आहुति डालती प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ व विद्यार्थी।

**नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली**

जिला सैनी भवन पदाधिकारी एवं आर्य समाज के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत युवा वर्ग को नशे के प्रति जागरूक करती रैली से की जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए 'जिला सैनी भवन' तक पहुंची। रैली में छात्रों ने हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर नारे लगाए, जिनमें "हम सबने है येठाना, नशा मुक्त बने हरियाणा। डीएवी का है ये संदेश, नशा मुक्त हो अपना देश" जैसे संदेश शामिल थे। तत्पश्चात भवन में भजन, 100 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के 100 विद्यार्थियों ने एक ही समय पर हवन किया।जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकोएवं शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर नशे से दूर रहने और परिवार, मित्रों के साथ मिलकर स्वस्थ तथा प्रेमपूर्वक जीवन जीने का संकल्प लिया। । कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि जीने नशे के गंभीर परिणामों से सचेत करते कहा कि आज के समय में नशा एक दीमक की तरह है जो युवा को अंदर ही अंदर खत्म किए जा रहा है ।


**जींद।** संगोष्ठी में भाग लेते जनवादी लेखक संघ के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## बाबा साहेब को किया नमन

**जींद।** जनवादी लेखक संघ जींद इकाई की ओर से भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को स्थानीय अक्षर भवन शिव कालोनी जींद में पूर्व प्राचार्य धर्मपाल पांचाल की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सोहनदास, राजेश भेंट, चमन लाल, आजाद पांचाल और मंगतराम शास्त्री ने भाग लिया। गोष्ठी का संचालन मंगतराम शास्त्री ने किया। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर अपने समय के सबसे अधिक पढ़े, लिखे विद्वान थे। जिन्होंने सामाजिक न्याय के एजेंडा को राजनीति के केंद्र में रख दिया था। बाबा साहेब के विचारों पर चिंतन मनन करना और उनके दिखाए रास्ते पर चलकर सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सोहनदास ने कहा कि भारत एवं भारतीयता को बनाए रखना और लोकतंत्र एवं संविधान की सुरक्षा करना आज का मूलभूत प्रश्न है। जिसको डा. भीमराव अंबेडकर एवं भगत सिंह के सांझे वैचारिक धरातल का निर्माण करके ही हल किया जा सकता है।

### छात्राओं के यौन उत्पीड़न के रोष स्वरूप प्रदर्शन 10 को : प्रकाश

**जींद।** जनवादी महिला समिति ने चौधरी रणबीर सिंह विवि में छात्राओं के साथ प्राध्यापकों द्वारा यौन प्रताड़ना के मामलों को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया और मांग की कि छात्राओं को न्याय सुनिश्चित किया जाए। जनवादी महिला समिति इस घटना के विरोध में 10 दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी। गौरतलब है कि एक छात्रा ने विभिन्न जगह पर भेजी गई शिकायत में कहा है कि प्राध्यापकों ने कक्षा के दौरान और कक्षा के बाहर अशोभनीय और अश्लील टिप्पणियां की हैं। छात्राओं से बार-बार अनुचित व्यक्तिगत प्रश्न पूछे हैं। मना करने पर इनमें से एक प्रोफेसर ने कार्रवाई की धमकी दी। छात्रा ने आरोप लगाए हैं कि एक प्राध्यापक छात्राओं के पास रात को 11 बजे वहॉट्सअप वीडियो कॉल तक करता था। तीसरे प्रोफेसर पर एससीए बीसी और ओबीसी समुदाय को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां करने के आरोप लगाए गए हैं।

### किसान नेता के भाई ने की बिना दहेज के शादी

**जींद।** किसान नेता जयदीप चहल के भाई की शादी में एक रुपया भात और एक रूपया शादी में दान के रूप लेकर एक सराहनीय कार्य किया। किसान नेता जयदीप चहल के भाई लखविंद्र चहल की शादी में दहेज न लेकर एक सराहनीय काम किया है और समाज को मैसेज दिया है कि शादी बगैर दहेज के होनी चाहिए ताकि एक गरीब आदमी पर ज्यादा बोझ नहीं हो। शादी में अनेक नेताओं ने शिरकत की। इसमें राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला, उचाना से विधायक देवेंद्र अत्री, कांग्रेसी विधायक इंदू राज, जींद विधायक के बेटे रुद्राक्ष मिड्ढा, किसान नेता टेकराम कंडेला, गुरनाम सिंह चढ़ूनी व बिनैन खाप के ईश्वर नैन आदि शामिल हैं।


**जींद।** कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला।


वर व वधु को आर्शीवाद देते भाविप जयंती शाखा परिवार के सदस्य।

### दो जरूरतमंद कन्याओं का करवाया सामूहिक विवाह

**जींद।** भाविप जयंती शाखा जींद द्वारा रविवार को दो जरूरतमंद कन्याओं की सामूहिक शादी का आयोजन सोमनाथ मनसा देवी मंदिर में आयोजित किया गया। परिषद ने जरूरतमंद परिवारों की दो बेटियों कोमल संग राजकुमार एवं सोनिया संग दीपक का विवाह पूर्ण रीति रिवाजों के साथ संपन्न करवाया । जयंती शाखा परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे व दोनों वर, वधुओं को आर्शीवाद दिया। इस मौके पर सचिव नरेश जिंदल, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, महिला प्रमुख मोनिका बंसल, जिला अध्यक्ष प्रवीण जिंदल और सभी भारत विकास परिषद के सदस्य मिठ्ठन गर्ग, अनीश बंसल, राजेश गर्ग आदि मौजूद रहे। प्रधान दिनेश गर्ग ने बताया कि भारत विकास परिषद समय समय पर समाज सेवा के कार्य करती रहती है। इसी कड़ी में जरूरतमंद कन्याओं की शादी का यह सामूहिक कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन समाज के सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए किया गया था। परिषद द्वारा किए गए इस कार्य का उद्देश्य समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को बढ़ावा देना और समाज के कमजोर वर्गों की सहायता करना है।

### सफीदों पुलिस ने सुधारी रामसर पार्क की दशा

**जींद।** सफीदों के डीएसपी गौरव शर्मा व थाना शहर प्रभारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में सफीदों रामसर पार्क में सफाई अभियान चलाया गया। पार्क में घास झाडियां व अन्य प्रकार की पौधे उगे हुए थे। जिसके कारण यह नशेडियों और आवारा लड़कों का प्रमुख अड्डा बना हुआ था। डीएसपी गौरव शर्मा चेकिंग के दौरान इस हॉट स्पॉट बने रामसर पार्क की हालत देखी तो उन्होंने शहर थाना प्रभारी दिनेश कुमार के साथ मिल कर रामसर पार्क के जीर्णोद्धार की योजना बनाई। जिसके चलते वहां खड़ी घास व झाडियों को कटवा कर सारे पार्क को स्वयं भी साथ लग कर साफ करवाया ताकि आमजन पार्क में आराम से टहल सकें। पुलिस द्वारा किया गया इस कार्य की शहर में चर्चा की जा रही है। डीएसपी गौरव शर्मा ने बताया कि पार्क के हालात खराब हो चुके थे। वहां सफाई करवा दी गई है। लाइटें भी ठीक करवाई गई है। ताकि पार्क में घूमने आने वाले लोगो को कोई परेशानी ना हो।


**जींद।** पार्क की सफाई करवाते डीएसपी। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** डिप्टी स्पीकर को सम्मानित करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि

### 81 समाजसेवियों को सम्मानित किय

**जींद।** केंद्रीय आर्य युवक परिषद जींद के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रहे। वशिष्ठ अतिथि समाजसेवी राजकुमार शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला थाना प्रभारी मोनिका ने की। कार्यक्रम के संयोजक एवं जिलाध्यक्ष कृष्ण दहिया ने बताया कि जिला जींद के गणमान्य समाजसेवी व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य तौर पर रक्तदाताओं, पर्यावरण मित्र तथा दानी सज्जनों को शामिल किया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि आर्य समाज के तुलनीय योगदान को भुलाया लाया नही जा सकता है। महर्षि दयानंद सरस्वती ने देश में विकट परिस्थितियों के दौरान पाखंड के विरुद्ध लड़ाई लड़ी। कहा कि आर्य समाज जब भी हमें याद करेगा, हम हर समय तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में 81 समाजसेवी व्यक्तियों को सम्मानित किया। इसमें सूर्यदेव आर्य, जयप्रकाश दहिया, योगेंद्र शास्त्री, विद्यासागर शास्त्री, विमलेश दहिया, सत्यवीर सिंह दहिया, जयभगवान यादव, रणवीर आर्य, रीटा धीमान उपस्थित रहे।



**जींद।** स्वच्छता अभियान चलाए हुए सेव संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## सेव ने चलाया स्वच्छता अभियान

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट (सेव) ने जींद के नरवाना रोड पटियाला चौक से अपोलो चौक तक एरिया में स्वच्छता अभियान और जागरूकता अभियान चलाया। सेव संस्था द्वारा चलाए 446वें अभियान संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया। संस्था सदस्यों ने स्वच्छता का महत्व समझाते हुए लोगों को कूड़ा डस्टबिन में डालने का आह्वान किया। संस्था के सदस्यों ने लोगों को समझाया कि स्वच्छता को आदत बनाएं। जब स्वच्छता हमारी आदत बनेगी तो हम हर प्रकार का कूड़ा हम डस्टबिन में ही डालेंगे। बहुत से आदमी खाने के बाद गाड़ी से या पैदल चलते हुए खुले में कूड़ा फेंकते हैं, जो डस्टबिन का प्रयोग नहीं करते हैं। इसलिए स्वच्छता को आदत बनाना चाहिए। जब सभी लोग डस्टबिन का प्रयोग करेंगे तभी स्वच्छता रहेगी। वह डस्टबिन नगर परिषद की गाड़ी को ही देना चाहिए। हम स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी मानेंगे। इसी से हमारा शहर, गांव और देश स्वच्छ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी सही रहेगा और हमारे बच्चों का भविष्य भी उज्ज्वल होगा।

# रैली में उमड़ी भीड़ ने दिखाई राजनीतिक ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जजपा जींद के हलकाध्यक्ष नेता सुनील कंडेला, जिला प्रवक्ता विकास जांगड़ा तथा पूर्व पार्षद कर्मबीर उर्फ मौना ने कहा कि जजपा की स्थापना दिवस पर जुलाना में आयोजित रैली में उमड़ी भीड़ ने साफ कर दिया है कि जजपा का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। तीनों युवा शक्ति के नेतृत्व में नेतृत्व में गांव कंडेला तथा अन्य स्थानों से बसों तथा अन्य वाहनों से काफी संख्या में कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि रैली को लेकर लोगों में गजब का जज्बा देखने को मिला। उन्होंने कहा कि लोगों की आस्था जजपा के साथ है। जजपा की कल्याणकारी नीतियों का जादू लोगों के सिर चढ़ कर बोल रहा है।


**जींद।** रैली के लिए वाहनों के साथ जाते सुनील कंडेला। फोटो :हरिभूमि

**जजपा युवाओं को साथ लेकर चल रही**

नई सोच के साथ जजपा युवाओं को साथ लेकर चल रही है। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अपने कार्यकाल में अनेकों योजनाएं बनाई तथा लागू की थी। गठबंधन सरकार में जजपा की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भाजपा को नागवार लगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तथा भाजपा एक दूसरे से मिले हुए हैं। कांग्रेस विपक्ष में होने के बाद भी जनता की आवाज उठाने के नाकाम रही है। यह दोनों की मिलीभगत साबित करती है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय जजपा का है। जजपा धरातल पर उतर कर कार्य कर रही है। लोगों को जोड़ कर अपने साथ लेकर चल रही है। जजपा रैली ने अपना नया आयाम स्थापित किया है।


**जींद।** रक्तदाताओं को हेलमेट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते आयोजक।

## शिविर में 102 युवाओं ने किया रक्तदान

**जींद।** युवा विकास समिति जींद ने एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें मुख्यअतिथि के तौर भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. राज सैनी और भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने शिरकत की। जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि रक्तदान शिविर लगाकर समिति युवाओं को जागरूक कर रही है। रक्तदान शिविर में 102 युवाओं ने रक्तदान किया है। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने कहा कि समिति लगातार समाजसेवा के काम कर रही है। वशिष्ठ अतिथि के तौर नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना, धर्मराज जागलान, जागृति कलाकार रामधन गोस्वामी, सूरजमल शर्मा आदि ने सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर व सड़क सुरक्षा हेतु हेलमेट देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान एक महादान होता है। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इसलिए स्वस्थ युवा को छह महीने में कम से कम एक बार रक्तदान आवश्यक करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी महसूस नहीं होती है।

## विभाग ने कर्मचारी से मांगा स्पष्टीकरण

# संडील के जलघर से कटे वृक्ष उठा ले गए लोग

- बोले ग्रामीण : काफी समय से चल रहा है कटे वृक्षों को उठाने का गोरखधंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

संडील गांव स्थित जलघर से करीब छह माह पूर्व कटे वृक्ष कुछ लोगों द्वारा उठा कर ले जाने की शिकायत गांव के लोगों ने जलापूर्ति विभाग उचाना की एसडीओ को दी है। एसडीओ ने मामले की सूचना मिलते ही लोगों द्वारा जलघर से उठाए वृक्ष वापिस जलघर में मंगवा कर मामले को लेकर एक कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगे जाने की बात कही है। जलापूर्ति विभाग की एसडीओ सुनिता को दी शिकायत में संडील निवासी बलजीत, इंद्र, सतबीर, रामफल ने बताया कि जलापूर्ति विभाग ने करीब छह माह पूर्व जलघर में लगे वृक्षों को कटवाया था, लेकिन काफी समय बीतने के बावजूद भी विभाग ने उक्त वृक्षों की बोली नहीं करवाई। जिसके कारण उसी समय से गांव के लोगों द्वारा कर्मचारियों की मिलीभगत से जलघर में पड़े वृक्षों को उठा कर घर लाया जा रहा है। गांव के लोग मामले की सूचना पहले भी विभाग के उच्चाधिकारियों को कर चुके हैं, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने गांव के लोगों की शिकायत पर किसी प्रकार का संज्ञान नहीं लिया। यही नहीं रविवार को भी गांव के लोग जब जलघर से कटे वृक्ष उठा कर घर ले जाने लगे तो गांव के लोगों ने मामले की सूचना जलापूर्ति विभाग उचाना की एसडीओ सुनिता को दी। एसडीओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत प्रभाव से कर्मचारियों को बोलकर गांव के लोगों द्वारा घर ले जाए जा रहे वृक्षों को वापिस जलघर में मंगवा कर एक कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा है।


**अलेवा।** संडील गांव स्थित जलघर से कटे वृक्ष घर ले जाता बुग्गी चालक।

**एक कर्मचारी का नाम आया सामने**

जलापूर्ति विभाग उचाना की एसडीओ सुनीता ने बताया कि फोन पर कुछ लोगों द्वारा संडील गांव स्थित जलघर से कटे वृक्ष उठाए जाने की सूचना मिली थी। जिसमें एक कर्मचारी का नाम सामने आया है। सरकारी प्रोप्टी को नुकसान पहुंचना बिलकुल गलत है। कर्मचारी से बोलकर लोगों द्वारा घर ले जाए गए वृक्ष वापिस जलघर में मंगवा लिए हैं और मामले को लेकर कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा है।



राजकीय कालेज अलेवा के स्वयं सेवक अलेवा बस स्टैंड पर लोगों को जागरुक करते हुए।

## राजकीय कालेज में एनएसएस शिविर

**अलेवा।** राजकीय महाविद्यालय अलेवा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय विशेष शिविर प्रकृति का वरदान, आओ मिलकर करें पर्यावरण का सम्मान सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य मुनीश ने की तथा संचालनकार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने किया। जिसका मुख्य उद्देश्य समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण पर एक विस्तृत और प्रेरक व्याख्यान दिया।

**सूचना**

मैं, सोनिया पत्नी राम अवतार गांव जुलाना तह. व जिला जीन्द बयान करती हूं कि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम सोनिया (Soniya) दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सोनिया (Sonia) दर्ज है जो कि गलत है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सोनिया (Sonia) की जगह पर सोनिया (Soniya) दर्ज किया जाए।

# ऑनलाइन ट्रांसफर ने बढ़ाई आईटीआई कर्मचारियों के दिलों की धड़कन

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

- आपत्ति दर्ज करवाने की अंतिम तिथि आज
- करीब 5 हजार कर्मचारी होंगे इधर-उधर
- करीब 15 साल बाद होंगे ऑनलाइन तबादले

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के अधीन चलाए जा रहे करीब राजकीय आईटीआई में होने वाली आनलाइन ट्रांसफर ने आईटीआई के कर्मचारियों के दिलों की धड़कन बढा दी है। बता दें कि यह आनलाइन ट्रांसफार्मर लंबे समय के बाद होने जा रही है। इससे पूर्व कुछ ही कर्मचारियों की आनलाइन ट्रांसफार्मर हुई हैं लेकिन अधिकतर अधिकारी व कर्मचारी लंबे समय से अपने गृह जिले या आसपास ही डटे हुए थे। ऐसे में अब आनलाइन ट्रांसफार्मर से इन सभी को दूर के स्टेशनों पर जाना होगा। गौरतलब है कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के तहत प्रदेश भर में करीब 190 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण चलाए जा रहे हैं। इनमें विद्यार्थियों को रोजगारपरक कोर्स करवाए जाते हैं। हालांकि सभी विभागों में आनलाइन ट्रांसफर पिछले कई साल से चल रही हैं लेकिन आईटीआई के अधिकतर कर्मचारी इससे अछूते थे यही कारण था कि वे एक ही स्टेशन पर पिछले करीब 5 से 10 सालों तक डेरा जमाए हुए थे। ऐसे में दूसरे कर्मचारियों को मजबूरन दूर के स्टेशनों पर आना जाना पड रहा था लेकिन अब सरकार व विभाग द्वारा सभी कर्मचारियों को आनलाइन ट्रांसफर के तहत लिया है। इनमें आईटीआई के प्रधानाचार्य, अधीक्षक, उप अधीक्षक, सहायक, लिपिक, स्टोर कीपर, लाइब्रेरियन, डब्ल्यूएसए, इंजीनियरिंग ड्राइंग अनुदेशक, डब्ल्यूसीएसएस अनुदेशक, इंप्लायिबिलटी स्किल अनुदेशक व ट्रेड अनुदेशक शामिल हैं।

## पांच साल से अधिक वालों के लिए अनिवार्य

विभागीय सूत्रों के अनुसार आनलाइन तबादला नीति में जहां विभाग ने पांच साल से अधिक एक ही स्टेशन पर बैठे कर्मचारियों के लिए तबादला में भाग लेना अनिवार्य किया है तो वहीं इसमें दिसंबर 2019 के सभी कर्मचारियों को शामिल किया गया है। यदि दिंबसर 2019 के किसी कर्मचारी को पांच साल से कम का समय हुआ है तो इसके लिए यह ऐच्छिक किया गया है। इसके अलावा फरवरी 2027 तक जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति है तो उनको सुरक्षित श्रेणी है। बताया जा रहा है कि विभाग की इस नीति के तहत करीब 5 हजार कर्मचारी इधर उधर होंगे।

## आपत्ति की अंतिम तिथि आज

राजकीय आईटीआई कैथल के नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि विभाग द्वारा आनलाइन तबादला नीति के तहत प्रक्रिया जारी है। इसके लिए आपत्ति दर्ज करवाने की 8 दिसंबर को अंतिम तिथि है।

## यह प्रक्रिया 15 फरवरी 2027 तक समाप्त होगी

विभागीय नीति के तहत सभी कर्मचारियों का स्कोर दर्शा दिया गया है। यदि किसी भी कर्मचारी द्वारा अपने स्कोर को लेकर कोई आपत्ति है तो वह इसे आनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसके लिए 8 दिसंबर की अंतिम तिथि है। बताया जा रहा है कि इसके बाद फाइनल स्कोर आ जाएगा। फिर सभी कर्मचारी स्टेशन भर सकेंगे। बाद में उनकी उनके स्कोर के आधार पर वरियता देते हुए उन्हें स्टेशन अलाट कर दिए जाएंगे। बताया जा रहा है कि यह प्रक्रिया 15 फरवरी 2027 तक समाप्त होगी।

## खबर संक्षेप


राजौंद। गांव संतोख माजरा में स्थित चर्च।

### क्रिसमस-डे को लेकर चर्च को सजाने का कार्य शुरू

**राजौंद।** 25 दिसंबर को गांव संतोख माजरा में क्रिसमस-डे को लेकर चर्च को सजाने का कार्य शुरू कर दिया है। चर्च कमेटी सदस्यों ने बताया कि क्रिसमस-डे को बड़े दिन के रूप में भी मनाया जाता है। जिसके लिए आसपास के गांवों से हजारों लोग इस त्यौहार का लुत्फ उठाने के लिए यहां एकत्रित होते हैं। क्रिसमस-डे की पूर्व संध्या पर गांव में स्थित चर्च में बच्चों द्वारा रंगबिरंगी पोशाकें पहनकर सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जाते हैं। गांव में स्थित गिरजाघर को सजाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर वाले दिन गांव के अलावा विदेशों से भी लोग प्रभु यीशु से प्रार्थना करने के लिए अपने पैतृक गांव में अवश्य पहुंचते हैं।


राजौंद। बैठक करते पंजाबी वेलफेयर सभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### पंजाबी सेवा सदन ने बांटा जरूरतमंदों को राशन

**कैथल।** 7 दिसंबर पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है। परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिसंबर माह की राशन सेवा संस्था के सम्मानित सदस्यों तुलसी दास सचदेवा,रमेश सचदेवा ने दी व एक माह की राशन सेवा सम्मानित सदस्य मोहिंद्र पपनेजा ने दी।

### गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर लाइट लगाना जरूरी

**ढांड।** कोहरे के मौसम को देखते हुए ढांड थाना प्रभारी सुनील कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सर्दियों में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है, जिससे सड़क हादसों की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में सभी प्रकार के वाहनों पर रिफ्लेक्टर लाइट लगाना अनिवार्य है।



एसएचओ सुनील कुमार ने बताया कि रिफ्लेक्टर लाइट की वजह से वाहन दूर से ही दिखाई देता है, जिससे अन्य वाहन चालक सावधानी से निकल पाते हैं।

पीएचडी वालों को चपड़ासी, शिक्षकों को चुनाव कर्मचारी बनाने पर तुली भाजपा: दुष्यंत चौटाला

# भाजपा की सरकार बनाने के लिए हुड्डा जिम्मेदार : अजय चौटाला

## जुलाना रैली में दिखा जजपा का जलवा, स्थापना दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

- भाईचारा खराब करने वाले एजेंडे पर फिर बीजेपी: पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/जुलाना


**जुलाना।** जजपा के स्थापना दिवस पर रैली के मंच पर बैठे जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला व अन्य। फोटो : हरिभूमि

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने भाजपा-कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि कांग्रेस की वजह से ही बीजेपी की सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने भाजपा की बी टीम बनकर कांग्रेस की लुटिया डुबोई और अब बीजेपी प्रदेश को जमकर लूटने में लगी हुई है।

डॉ चौटाला रविवार को जुलाना में जेजेपी के 8वें स्थापना दिवस पर आयोजित रैली में उमड़े जनसैलाब को संबोधित कर रहे थे। अजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश में आज जंगल राज है। हर रोज चोरी, डकैती, लूटपाट एवं हत्याएं आम बात हो गई है। बहू-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। अब तो प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में भी बच्चियां सुरक्षित नहीं है। सीएम के सुरक्षा के दावों की पोल खोलते हुए डॉ चौटाला ने कहा कि प्रदेश की इस जनता की सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा ? डॉ चौटाला ने भाजपा सरकार को किसान-कमेरे की विरोधी बताते हुए कहा कि किसान की फसल की आज लागत ही पूरी नहीं हो रही है। लाखों एकड़ में पानी भर गया, लेकिन मुआवजा तो दूर अब तक सरकार हजारों एकड़ में से तो पानी ही नहीं निकाल पा रही। दूसरी तरफ सरकार की मिलीभगत के कारण हजारों करोड़ रुपए का धान घोटाला कर किसानों के साथ कम दाम पर धान खरीदकर छल किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री हरियाणा आए थे और प्रदेश की सरकार ने उनके आगमन पर लाखों-करोड़ों रुपए खर्च किए, लेकिन प्रधानमंत्री पांच पैसा भी प्रदेश की तरक्की के लिए नहीं देकर गए। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजेंद्र लितानी, बहन फूलवती, पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा, राजदीप फोगाट, रमेश खटक, मोहसीनचौधरी, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष दिनेश डागर, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष बच्चन सिंहगुर्जर, पंजाब प्रदेश अध्यक्ष संदीप न्यौल, यूपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र चौधरी, राव अभिमन्यु, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रभारी-प्रदेश अध्यक्ष, सभीजिला अध्यक्ष एवं हलका अध्यक्ष सहित बड़ी संख्यामें तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### पूर्व डिप्टी सीएम ने किया संबोधित

पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के साथ जाना मजबूरी थी। अगर भाजपा के साथ नहीं जाते तो आज पार्टी का न तो झंडा बचता और न ही इतने विकास कार्य होते। जब जेजेपी सत्ता में थी तो चंडीगढ़ में आम आदमी की सुनवाई के लिए 24 घंटे दरवाजे खुले रहते थे, लेकिन अब सुनवाई की जगह चंडीगढ़ जाने वालों को धक्के मिल रहे है। यही वजह है कि आज खेतों में पानी खड़ा है, मंडियों में कपास-धान-बाजरे से भरी ट्राली खड़ी रहती है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के कारण ही हर वर्ष बुढ़ापा पेंशन बढ़ती थी, लेकिन जब से सत्ता से बाहर गए है, तब से लेकर आज तक एक रुपए पेंशन बढ़कर बुजुर्गों के खाते में नहीं आई, बल्कि हजारों बुजुर्गों की पेंशन काट दी गई। इसी तरह लाडो लक्ष्मी योजना को चुनावी हथियार बनाकर हर महिला को 2100 रुपए देने की घोषणा की, लेकिन चुनाव जीतते ही तरह-तरह की कंडीशन लगाकर नामात्र लाडो के घर की लक्ष्मी दी। दुष्यंत चौटाला ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने वोट लेने के लिए धड़ाधड़ राशन कार्ड बना दिए और वोट लेने के तुरंत बाद लाखों बीपीएल कार्ड काट दिए।

### पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

वहीं जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा ने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग वर्तमान सरकार से दुखी है और जेजेपी का प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर, गांव-गांव जाकर पार्टी का प्रचार करें ताकि आने वाले चुनाव में जेजेपी की सरकार बन सके।

### 2029 में जजपा की सरकार बनाने का लें संकल्प

वरिष्ठ जेजेपी नेता डॉ केसी बांगड़ ने कहा कि जेजेपी के सभी कार्यकर्ता जुलाना की इस ऐतिहासिक रैली से साल 2029 में जेजेपी की सरकार बनाने का संकल्प लें और इस लक्ष्य को पाने में जुट जाएं।


राजौंद। गांव रोहेड़ा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान मौजूद।

# लड़कियों की नेशनल कबड्डी में भैंणी स्कूल की टीम जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

- विजेता टीम के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

गांव रोहेड़ा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के लड़कियों की नेशनल कबड्डी में भैंणी स्कूल की टीम ने भावड़ की टीम को हराया। जानकारी देते हुए खेल के आयोजक बलवान सिंह फौजी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया था जिसमें 21 टीम हरियाणा से व 3 पंजाब की टीमों थी। उन्होंने बताया कि 57 किलो भार वर्ग में नेशनल कबड्डी में फाइनल मुकाबला भैंणी स्कूल व भावड के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें भैंणी स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसे 21000 रूपये की राशि से सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर भावड की टीम को 11000 रूपये की राशि से पुरस्कृत किया गया। तीसरे स्थान पर रही मुलकान की टीम को 5100 की राशि से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि वह पिछले 11 वर्षों से खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन करवा रहे है जिसमें रोहेड़ा गांव में उनकी यह चौथी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। उन्होंने बताया कि लड़कियों में पंजाब के संगरूर की टीम व दोआबा के बीच प्रोत्साहित मैच करवाया गया। जिसमें दोनों टीम बराबर रही। जिनमें दोनों टीमों को 5100-5100 रूपये की राशि से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि खेलों से मानसिक व शारीरिक विकास होता है इसलिए खेलों का भी जीवन में बहुत महत्व है। उन्होंने बताया कि वह भविष्य में भी इस तरह की खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाते रहेंगे। उन्होंने सभी खिलाडिय़ों से आह्वान किया खेल में हार व जीत कोई मायने नही रखती खिलाडिय़ों को बिना द्वेषभाव रखते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहिए। यही एक अच्छे खिलाड़ी की पहचान होती है। उन्होंने विजेता खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह का प्रदर्शन करने के लिए आह्वान किया।


**राजौंद।** करनाल में एकत्रित होने के लिए राजौंद से रवाना होती हुई मिड डे मील वर्कर।

# करनाल प्रदर्शन के लिए रवाना हुई मिड-डे मील वर्कर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद के स्कूलों में दोपहर का खाना बनाने वाली मिड डे मील वर्कर सैकड़ो की संख्या में राज्य कमेटी के फैसले अनुसार करनाल में एकत्रित होने के लिए राजौंद से रवाना हुई। इस बारे जानकारी देते हुए बाला चंद्रपति रोहेड़ा सरोज संतोष महिन्द्रो किठाना कृष्ण फरियाबाद सिंद्र देवी भूपेंद्र सिंह मंडवाल सुनीता राजकली संतोष सीतो सुषमा आदि ने बताया स्कूलों में काम करने वाली महिला ज्यादातर गरीब परिवारों से या विधवा हैं। लेकिन सरकार इन्हें मानदेय के नाम पर केवल 7000 रुपए प्रति माह वह भी साल में 10 माह के लिए दिए जाते है जो आज इस महंगाई के दौर में ऊंट के मुंह में जीरा के सामान है। उन्होंने कहा कि दिन प्रतिदिन काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। तीन महिलाएं 200-200 बच्चों का खाना बनाना बर्तन रसोई सफाई में पूरा दिन लग जाता है उसके बदले में सरकार उन्हें न्यूनतम मजदूरी तक नहीं देती। जिस कारण मिड डे मील वर्करों में सरकार के प्रति गहरा रोष है और वह केंद्रीय मंत्रियों के कार्यालय पर पड़ाव डालकर मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें 26000 रुपए प्रति माह वेतन माह पूरे 12 महीने दिए जाने की उठाई_रपमुखता से मांग।

### क्रिकेट में ब्लॉक सीवन बना ओवरऑल चैंपियन

**सीवन।** खेल सांसद उत्सव में विधानसभा स्तर पर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में ब्लॉक सीवन ओवरऑल चैंपियन बना। इस प्रतियोगिता में लड़के व लड़कियों में सीवन ब्लॉक ने प्रथम स्थान जीतकर ब्लॉक सीवन को क्रिकेट चैंपियन बनाया। सीवन स्पोर्ट्स अकादमी के संचालक संजय सैन ने बताया लड़कियों में सीवन स्पोर्ट्स अकादमी व लड़के में रायल क्रिकेट क्लब चक्कू लंढाना ने सीवन ब्लॉक की तरफ से खेलकर गुहला विधानसभा प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में लडको की टीम ने फाइनल मे क्रिकेट क्लब चीका को 6 विकेट से हराया व लड़कियों की टीम ने क्रिकेट क्लब चीका को 30 रन से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली।

# हर नागरिक के अधिकार बाबा साहेब की देन: सैलजा

- धमतान साहिब में संत शिरोमणि गुरु रविदास के 649वें जन्मोत्सव पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कुमारी शैलजा।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को धमतान साहिब में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास के 649वें जन्मोत्सव को समर्पित कार्यक्रम में पहुंच कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरु रविदास द्वारा दिए गए समानता, न्याय और मानवीय मूल्यों के संदेश को सांझा किया। साथ ही बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें नमन करते हुए संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनःदोहराया। सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि धमतान साहिब गुरु तेग बहादुर की पावन तपोभूमि रही है। जहां वे तीन बार पधारे और यहां के विभिन्न स्थलों पर अपनी अनंत कृपा दृष्टि बरसाई। उन्होंने कहा कि धमतान साहिब में जो ऐतिहासिक कुआं स्थित है, वह उन्हीं के समय में बनाया गया था। इसी पवित्र भूमि पर गुरु साहिब ने अपनी करकमलों से गुरु घर की नींव रखी थी। जो आज भी करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर बिनैन खाप के प्रधान रघुबीर सिंह नैन, सतबीर सिंह दबलैन, जोधाराम, संदीप लौट, पूर्व विधायक राजरानी पूनम, धोला नैन, संजीव धमतान, महावीर सिंह, बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला, जगरूप सिंह सुरजेवाला, आशुतोष शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## डीएवी कॉलेज, पूण्डरी द्वारा पूंडरक तीर्थ पर भव्य 100 कुंडीय यज्ञ का आयोजन

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन व आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के सुयोग्य नेतृत्व में डी.ए.वी.कॉलेज, पूण्डरी द्वारा पूण्डरक तीर्थ पर एक भव्य 100 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वामी दयानंद सरस्वती जी के सामजिक कुरीतियों के उन्मूलन के संदेश को मूर्तरूप देने के लिए समाज में व्यापत नशाखोरी की प्रवृति व इसके प्रचलन के खिलाफ हरियाणा में एक प्रदेशव्यापी पहल के अन्तर्गत /"नो नशा नेशन कैंपेन/" जागरूकता अभियान शुरू किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत के अंतर्गत हरियाणा प्रदेश के सभी 100 डी.ए.वी. स्कूलों व 16 कॉलेजों ने अपने-अपने कार्योक्षेत्रों के समीप सार्वजनिक स्थानों पर विद्यार्थियों, अभिभावकों, आर्य समाजों, जन प्रतिनिधियों, समाज सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर सामूहिक रूप से 100 कुंडीय हवन यज्ञ किया गया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज जब हमारा देश युवाओं में फैल रही नशा-समस्या जैसी गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है, और वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति एक गंभीर सामाजिक चुनौती बनकर उभरी है, तब डीएवी परिवार ने एक बार फिर समाज को दिशा दिखाने का महत्वपूर्ण दायित्व अपने हाथों में लिया है।


पूंडरी। हवन यज्ञ में भाग लेते प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान व गणमान्य व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

**कार्यक्रम** डीएवी स्कूल के 100 छात्रों ने पीतांबर कुर्ता पहनकर दिया एकरुपता का संदेश

नशामुक्ति को अंबेडकर पार्क रानी तालाब पर 100 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया

# रानी तालाब पर हुआ सौ कुंडीय यज्ञ, बच्चों को नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** रानी तालाब पर आयोजित यज्ञ में आहूति डालते हुए बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

आर्य युवा समाज के तत्वावधान में राष्ट्रीयध्यक्ष योगी सूरी के आह्वान पर डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा अंबेडकर पार्क रानी तालाब पर 100 कुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें डीएवी स्कूल के 100 छात्रों ने पीतांबर कुर्ता और सफेद पायजामा पहन कर एकरूपता के साथ यज्ञ किया। जनसाधारण को यज्ञ के अर्थ समझ में आएं, इसलिए यज्ञ संस्कृत भाषा के साथ-साथ हिंदी में भी किया गया। जिसका गायन हरेंद्र भारद्वाज की भजन मंडली द्वारा किया गया। यजमान के रूप में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के बेटे रुद्राक्ष मिड्ढा तथा जींद नगर परिषद की अध्यक्षा अनुराधा सैनी और हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने भाग लिया। ब्रह्मा के रूप में स्कूल की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने यज्ञ में आहुतियां दिलवाई व सभी बच्चों पर पुष्प वर्षा करके आशीर्वाद दिया। इसका संचालन में कर्ण देव शास्त्री तथा कालवा गुरुकुल के संत महात्माओं ने किया। यज्ञ का आयोजन युवाओं को नशे से बचने के उद्देश्य से किया गया। जिसके लिए स्कूल की प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने सभी उपस्थितजनों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलवाई।

### डीएवी स्कूल की पहल को सराहा

रुद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि डीएवी स्कूल सदा अच्छी पहल करने में आगे रहता है। इस बार भी डीएवी स्कूल में नशा मुक्ति का जो अभियान चलाया है और उसे धर्म से जोड़ा है। यह अभूतपूर्व कार्य है। जिससे मानवता का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि हम सब चाहते हैं कि युवा पीढ़ी हर प्रकार के नशे से बचे। हरियाणा साहित्य और संस्कृति अकादमी के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि डीएवी कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूनम सूरी ने इससे पहले भी हजारों की संख्या में यज्ञ का पावन कार्य किया है और अब आर्य युवा समाज हरियाणा में योगी सूरी के नेतृत्व में प्रत्येक स्कूल 100 कुंडीय हवन यज्ञ कर रहा है। प्रदेशभर में एक लाख हवन कुंड में आहुति देकर नशे से बचने की शपथ ली गई। यह क्रांतिकारी कदम है, जो युवाओं को सही दिशा में ले जाएगा।

# अग्रवाल धर्मशाला चीका में राम कथा का पूर्णाहुति यज्ञ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

- शबरी प्रसंग से मिली भक्ति व समरसता की सीख


**गुहला चीका।** राम कथा समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने महाराज श्री को सम्मान स्वरूप स्मृति चित्र भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वनवासी कल्याण आश्रम के तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला चीका में आयोजित राम कथा का आज पूर्णाहुति यज्ञ के साथ समापन हुआ। आचार्य मोहित शर्मा शास्त्री ने वेद-मंत्रों के साथ हवन सम्पन्न कराया। श्री विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने आज के प्रवचन में शबरी प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि शबरी की कथा रामायण का अत्यंत प्रेरक और महत्वपूर्ण अध्याय है। महाराज जी ने बताया कि शबरी, जो भील जाति से थीं और ऋषि मतंग की शिष्या थीं, उन्होंने आजीवन प्रभु श्रीराम के आगमन की प्रतीक्षा की। वे रोज़ बेर चुनती थीं, स्वयं चखकर मीठे बेर ही प्रभु के लिए सँभालकर रखती थीं। जब भगवान राम उनके आश्रम पहुँचे तो उन्होंने उनकी निस्वार्थ भक्ति से प्रसन्न होकर उनके प्रेम से अर्पित किए गए बेर स्वीकार किए, जिससे शबरी को मोक्ष प्राप्त हुआ। यह प्रसंग भक्ति, प्रेम, समरसता और सामाजिक भेदभाव मिटाने का गहरा संदेश देता है। महाराज जी ने कहा कि भगवान का नाम भाव और श्रद्धा से लेने वाला हर भक्त अवश्य ही प्रभु की कृपा का अधिकारी बनता है। भगवान भक्त के प्रेम को स्वीकार करते हैं और किसी भी रूप में दर्शन देते हैं।